ई.एच.आई.-03

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# (बी.डी.पी.)

## सत्रीय कार्य
## (जुलाई 2024 और जनवरी 2025 सत्रों के लिए)

**पाठ्यक्रम कोड : ई.एच.आई.-03**

**पाठ्यक्रम शीर्षक : भारत : 8वीं शताब्दी ईस्वी से 15वीं शताब्दी ईस्वी तक**

इतिहास संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

# सत्रीय कार्य
## 2024-2025

**कार्यक्रम कोड : बी.डी.पी.**
**पाठ्यक्रम कोड : ई.एच.आई.-03**

**प्रिय विद्यार्थी,**

जैसा कि आपको बी.डी.पी. की कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है आपको इस ऐच्छिक पाठ्यक्रम के लिए एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना होगा।

| सत्र | जमा करने की तिथि | कहां जमा करना है |
|---|---|---|
| जुलाई 2024 सत्र के लिए | 31 मार्च 2025 | पूरा किया हुआ सत्रीय कार्य अपने केंद्र के संयोजक के पास जमा करा दें। |
| जनवरी 2025 सत्र के लिए | 30 सितम्बर 2025 | |

सत्रीय कार्य में दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लीजिए।

**सत्रीय कार्य करने से पहले कुछ बातें :**

सत्रीय कार्य करने से पहले ध्यान रखें : सामाजिक विज्ञानों में किसी भी तरह के लेखन के लिए चार सोपान आवश्यक हैं। ये हैं (क) योजना (ख) वस्तु चयन (ग) प्रस्तुतीकरण (घ) व्याख्या

**क)** **योजना** : आपसे क्या प्रश्न पूछा गया है और उत्तर में क्या लिखना है। इस पर विचार कीजिए। इकाइयों का ठीक तरह से अध्ययन कीजिए। कुछ अतिरिक्त जानकारी चाहें तो पुस्तकालय का उपयोग कीजिए।

यह देखें कि प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में देना है या 250 शब्दों में या सिर्फ 100 शब्दों में। बड़े प्रश्नों के लिए विवरणों के साथ व्याख्या भी करनी होगी। तीसरे प्रकार के प्रश्न के उत्तर में संगत विवरणों को संक्षेप में प्रस्तुत करें।

**ख)** **वस्तु चयन** : उत्तर देने के लिए आपको सही तथ्यों तथा विवरणों का चयन करना होगा। इसके लिए आप (i) अपनी इकाइयों से नोट्स लें, (ii) तथ्यों को ध्यान से देखें और उत्तर के लिए अनावश्यक विवरण निकाल दें, और (iii) उत्तर का पहला खाका लिख लें। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि आप उत्तर में क्या सूचनाएं/विवरण प्रस्तुत करना चाहते हैं।

**ग)** **प्रस्तुतीकरण** : अब आप उत्तर का दूसरा खाका तैयार करें। इससे आप अपने विचारों को स्पष्टता से व्यक्त कर सकेंगे। आप यह भी जान सकेंगे कि दी गयी शब्द सीमा में आप बात कैसे कह सकते हैं।

उत्तर का तीसरा और अंतिम प्रारूप तैयार कीजिए और देखिए कि आपने सारी आवश्यक बातें अपेक्षित शब्द सीमा में प्रस्तुत की हैं या नहीं।

**घ)** **व्याख्या :** इतिहास लेखन में व्याख्या की प्रक्रिया का अनन्य स्थान है। आपकी योजना तथा वस्तु चयन में भी व्याख्या की झलक दिखाई देगी। संभवतः, शायद, क्योंकि, इसलिए, आदि शब्दों के साथ आपके वक्तव्य व्याख्या की झलक देते हैं। यहां आपको ध्यान रखना होगा कि आपके तथ्य आपके वक्तव्य का समर्थन करते हैं अथवा नहीं।

**टिप्पणी :** अगर आपके पास समय सीमित हो तो :

**1)** पहला प्रारूप तैयार करें, उत्तर की संगतता, शब्द सीमा, आदि पर ध्यान दें, और
**2)** अंतिम प्रारूप तैयार करें।

अब आप उत्तर लिखने के लिए तैयार होंगे।

**ई.एच.आई.-03**
**भारत : 8वीं शताब्दी ईस्वी से 15वीं शताब्दी ईस्वी तक**
**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

**पाठ्यक्रम कोड : ई.एच.आई.-03**
**सत्रीय कार्य कोड : ई.एच.आई.-03/ए.एस.टी./टी.एम.ए./2024-2025**
**पूर्णांक : 100**

**नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सामने लिखें हैं।**

**भाग 1: प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।**

1) तुर्कों के आगमन से पहले भारत में शहरी विकास के मुख्य चरणों की सूची बनाये। **20**

अथवा

14वीं-16वीं शताब्दी के मध्य राजपूताना में राजनीति की प्रकृति पर लिखिए।

2) सल्तनत के विघटन में कुलीन वर्ग की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। **20**

अथवा

दिल्ली सल्तनत के अधीन राजस्व प्रशासन पर लिखिए।

**भाग 2: प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।**

3) मंदिर योजना में मुख्य भाग क्या होते हैं? **12**

अथवा

दिल्ली सल्तनत की मुद्रा प्रणाली पर चर्चा कीजिए।

4) मध्य एशिया में लोगों के खानाबदोश जीवन की मुख्य विशेषताओं को संक्षेप में लिखे। **12**

अथवा

मूल्य नियंत्रण के लिए अलाउद्दीन खिलजी द्वारा किये गये कार्यों को बतायें।

5) राण कुंभा की शक्ति के उदय पर संक्षेप में लिखे। **12**

अथवा

प्रशासनिक नियन्त्रण की चोल प्रणाली क्या थी?

6) भक्ति आंदोलन के उदय के कारण बताइये। **12**

अथवा

नई मिश्रित जातियों में किस कारण वृद्धि हुई?

**भाग 3: प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।**

7) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए : **6+6**

(i) अपभ्रंश
(ii) भुक्ति
(iii) खानकाह
(iv) निम्बार्क